NATIONAL HOUSING BANK

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 22 जुलाई, 2022

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आवास वित्त पर लखनऊ, उत्तर प्रदेश में लोकसपंर्क कार्यक्रम "जनता से जुड़ना"

राष्ट्रीय आवास बैंक ने दिनांक 22-07-2022 को ***लखनऊ*** में "जनता से जुड़ना" की थीम के अंतर्गत भारत सरकार के "आजादी का अमृत महोत्सव" के एक भाग के रूप में लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री धर्मेंद्र वर्मा, वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश आवास और विकास परिषद, डॉ बालू केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, श्री बलबीर सिंह लूथरा, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री सुशील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, राष्ट्रीय आवास बैंक और श्री संजय शुक्ला, प्रबंध निदेशक, सेंट्रम होम फाइनेंस लिमिटेड ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में विभिन्न अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के 90 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश राज्य और देश में आवास क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। सभी वक्ताओं ने आवास और आवास वित्त विकास की वृद्धि पर बल दिया और अल्प आय वर्ग के लोगों के लिए औपचारिक आवास वित्त सुगमता से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय संस्थानों को एक साथ आने और तालमेल के साथ काम करने की आवश्यकता को दोहराया। सभी प्रतिभागियों ने देश में आवास एवं आवास वित्त क्षेत्र में योगदान करने तथा सभी वर्गों के लिए "सबके लिए आवास" को वास्तविकता में परिवर्तित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी।

NATIONAL HOUSING BANK

Azadi Ka Amrit Mahotsav